उपलब्धि — किसानों की जमीनी समस्याओं का किया प्रभावी प्रस्तुतिकरण

# छात्र प्रियांशु ने किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**नवभारत, शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के राजनीति विज्ञान विभाग के मेधावी छात्र प्रियांशु अग्रवाल ने देश के प्रतिष्ठित संवाद कार्यक्रम 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे शहडोल संभाग और मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 5, पुराना पोस्ट ऑफिस रोड, अनूपपुर निवासी प्रियांशु वर्तमान में विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एम.ए. (प्रथम सेमेस्टर) के छात्र हैं। वे विश्वविद्यालय सहित पूरे शहडोल संभाग से इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए चयनित एकमात्र प्रतिभागी रहे। 9 से 12 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित अंतिम (राष्ट्रीय) चरण में उन्होंने सहभागिता की तथा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित प्रधानमंत्री के उद्बोधन में भी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष



और उत्साह का वातावरण है। कुलपति प्रो. राम शंकर दुबे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पांडे, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह सहित समस्त प्राध्यापकों ने प्रियांशु को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

टीम लीडर के रूप में किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

कार्यक्रम के प्रथम चरण में राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के आधार पर 2,56,000 प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। दूसरे चरण में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें प्रत्येक थीम के आधार पर पूरे प्रदेश से 50 प्रतिभागियों का चयन तीसरे चरण के लिए किया गया। तीसरे चरण में राजधानी भोपाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें चयनित प्रतिभागियों से निर्धारित थीम पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण लिया गया। 50 प्रस्तुतियों में से शीर्ष 8 को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिसके बाद केंद्र से आए प्रतिनिधियों द्वारा नेतृत्व मूल्यांकन (साक्षात्कार) किया गया। इस प्रक्रिया में शीर्ष 6 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर मिला। प्रियांशु ने राज्य स्तरीय पीपीटी प्रस्तुतीकरण और साक्षात्कार, दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अपनी थीम में टीम लीडर के रूप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों, विषय विशेषज्ञों एवं देश के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ।

### किसानों की जमीनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से किया रेखांकित

अपनी थीम 'स्मार्ट एवं सतत कृषि के द्वारा उत्पादकता बढ़ाना' के अंतर्गत प्रियांशु ने किसानों की जमीनी समस्याओं को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने मृदा अपरदन, जलवायु परिवर्तन के कारण अनिश्चित मौसम, फसलों को होने वाली क्षति, जल संकट तथा खेती में कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग जैसी चुनौतियों को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने समाधान के रूप में नवाचारपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के बीच के अंतर को स्पष्ट करने तथा पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय से उन्नत एवं सतत कृषि प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके सुझावों ने यह संदेश दिया कि कृषि क्षेत्र में संतुलित और टिकाऊ सुधारों के माध्यम से ही भारत विकसित राष्ट्र की दिशा में ठोस कदम बढ़ा सकता है। प्रियांशु की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत प्रस्तुत किया है।



## किसान के ऊपर ईंट की दीवार गिरने से मौत

▶ मवेशी बांधते समय झटका लगने से भरभराकर गिर गईं ईंटें

**नवभारत, शहडोल।** ब्यौहारी के आखेटपुर गांव में 53 वर्षीय किसान अयोध्या कोल की दीवार गिरने से मौत हो गई। मवेशी बांधते समय झटका लगने से कमजोर दीवार ढह गई और वे मलबे में दब गए। अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ब्यौहारी थाना क्षेत्र के आखेटपुर गांव में मंगलवार देर शाम दर्दनाक हादसे में 53 वर्षीय किसान की मौत हो गई।

किसान मवेशी को घर के पास स्थित एक पुराने सार की दीवार में बांध रहा था तभी उसी समय अचानक दीवार गिरने से उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी जान चली गई। घटना से गांव में शोक की लहर है। पुलिस के अनुसार आखेटपुर निवासी अयोध्या कोल पिता स्व. रामप्यारे कोल मंगलवार सुबह रोज की तरह मवेशियों को जंगल चराने ले गए थे। देर शाम करीब 7 बजे वे मवेशियों को लेकर घर लौटे और उन्हें सार में बांधने लगे। एक मवेशी को उन्होंने दीवार में लगे लोहे के सहारे बांध दिया था। इसी दौरान मवेशी ने अचानक जोरदार झटका दिया और रस्सी छुड़ाने की कोशिश की। झटके के कारण कमजोर दीवार अचानक भरभराकर किसान के ऊपर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से अयोध्या कोल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। आनन-फानन में अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

## मेडिकल छात्रों के 50 सदस्यीय समूह पर गुंडागर्दी का आरोप



**नवभारत, शहडोल।** शहर के बड़ी भीट वार्ड क्रमांक 16 में रविवार देर रात जमकर हंगामा और मारपीट की घटना सामने आई। स्थानीय लोगों ने मेडिकल कॉलेज के कुछ छात्रों पर शराब के नशे में गाली-गलौज, मारपीट और खुलेआम हुड़दंग करने का आरोप लगाया है। घटना श्रीराम दरबार मंदिर के सामने बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 50 युवकों का समूह, जिसमें कुछ युवतियां भी शामिल थीं, देर रात तक क्षेत्र में उत्पात मचाता रहा। आरोप है कि समूह द्वारा कानून व्यवस्था की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें अमर मिश्रा और सतीश तिवारी को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि 112 डायल के सामने भी विवाद की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हालात नियंत्रित करने के लिए चार गाड़ियों का बल लगाना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद स्थिति को शांत कराया जा सका। मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाया है कि आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जिससे आमजन का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दीं श्रद्धांजलि

**नवभारत,शहडोल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर शहडोल नगर के न्यू बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर किया याद बुधवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर न्यू बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सत सत नमन कर प्रणाम किया।




पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने माल्यार्पण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, 'अंत्योदय' एवं 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि 'दीन-दुखियों और गरीबों की सेवा कर ली, उनके आंसू पोंछ दिए, तो उनकी आंखों में आपको साक्षात भगवान दिखाई देंगे।' इन्हीं विचारों को पाथेय मानकर हम गरीबों की सेवा में जुटे हैं। उनका अंत्योदय का सिद्धांत हमारी प्रेरणा है। देश को एकात्म मानववाद के रूप में आदरणीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने ऐसा श्रेष्ठ विचार दिया है, जो विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत की नींव है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष संतोष लोहानी, भूपेंद्र मिश्रा, महेश भागदेव, जिला मंत्री रविंद्र वर्मा, कार्यालय मंत्री अंकुश शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, अभिषेक चौकसे, आशीष तिवारी, अनमोल सोनी, ऋतुराज गुप्ता,राकेश कनौजिया, प्रदीप गुप्ता, शकील खान, आलेख श्रीवास्तव, राजेश तिवारी, निभा गुप्ता, संचिता सरवटे सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं मंडल पदाधिकारी व वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण ने श्रृद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

## शहडोल में 'क्षीरधारा ग्राम योजना' की शुरुआत, 82 गांवों में बढ़ेगा दुग्ध उत्पादन

पशुपालकों की आय दोगुनी करने की दिशा में पहल

नस्ल सुधार से लेकर आधुनिक डेयरी प्रबंधन तक मिलेगा लाभ

**नवभारत, शहडोल।** जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 'क्षीरधारा ग्राम योजना' के अंतर्गत व्यापक पहल की जा रही है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के प्रथम चरण में जिले के 82 गांवों का चयन किया गया है, जिन्हें सीधे इस महत्वाकांक्षी योजना से जोड़ा



जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से ग्राम स्तर पर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, उन्नत पशुपालन को प्रोत्साहन तथा पशुओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चयनित गांवों में पशुपालकों को नस्ल सुधार, नियमित टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य सेवाएं, संतुलित आहार प्रबंधन एवं आधुनिक डेयरी तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

विभाग द्वारा प्रत्येक चयनित गांव के पशुपालकों का विस्तृत प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है। इसमें उनके पास उपलब्ध दुधारू पशुओं की संख्या, वर्तमान दुग्ध उत्पादन तथा भविष्य की संभावनाओं का आकलन किया जाएगा। इस आधार पर उन्हें विभागीय योजनाओं से जोड़कर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अशोक सिंह ने कहा कि 'क्षीरधारा ग्राम योजना' से न केवल जिले में दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी। योजना से जुड़े पशुपालकों को सीधा लाभ प्राप्त होगा और दूध उत्पादन को एक नया आयाम मिलेगा। यह पहल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

▶ गोदावल मेले से अपहरण कर ले गया था राजकोट

**नवभारत, शहडोल।** थाना ब्यौहारी पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की सतर्कता और तकनीकी जांच के चलते बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 23 जनवरी 2026 को फरियादी ने थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को 21 जनवरी 2026 को गोदावल मेले से एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। शिकायत मिलते ही पुलिस ने



तत्परता दिखाते हुए सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने बालिका को राजकोट (गुजरात) से सुरक्षित बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पुष्पेन्द्र कोल (24 वर्ष), निवासी ग्राम बराछ, थाना ब्यौहारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक के नेतृत्व में उ.नि. मोहन पड़वार, उ.नि. बालकरण प्रजापति, प्रधान आरक्षक महेन्द्रपाल शुक्ला, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह, महिला प्रधान आरक्षक ललिता पटेल एवं महिला आरक्षक माधुरी साहू की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक उमरिया में संपन्न

▶ संभागीय अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय रहे मुख्य अतिथि

**नवभारत, गोहपारू।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश की जिला इकाई उमरिया की बैठक उमरिया कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 46 मे संभाग शहडोल के अध्यक्ष सनत कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में परसुराम द्विवेदी तथा राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय जिला अध्यक्ष जिला उमरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

संभागीय सचिव महेश प्रसाद द्विवेदी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उक्त बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें जहां अनंत राम मिश्रा जी को संभागीय उपाध्यक्ष एवं शिवानन्द विश्वकर्मा को जिला मीडिया प्रभारी उमरिया प्रस्तावित किया गया वहीं तहसील बीरसिंहपुर पाली की कमान रवींद्र कुमार पाठक को सौंपी गई। बैठक में जिला अध्यक्ष पाण्डेय जी द्वारा उमरिया जिले में संगठन की गतिशीलता



बढ़ाने में अपनी सारी ऊर्जा से काम करने के संकल्प की दिशा में मानपुर, उमरिया, करकेली बिलासपुर,पाली चंदिया तहसीलों में इकाइयों को सक्रिय कर अपेक्षित सदस्यता करने को कहा गया , मुख्य आतिथ्य की आसंदी से दिये गये उद्बोधन में सनत कुमार पाण्डेय एवं विशिष्ट आतिथ्य की आसंदी से परसुराम द्विवेदी ने संगठन को मजबूत करने की अपील की गई। बैठक में पेंशनर ए एफ खान, महेश नापित, एस के महोबिया एवं गोपाल सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

बैठक — जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

## दो चरणों में होगी पहली डिजिटल जनगणना, प्रथम चरण 1 मई से

**नवभारत, शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जनगणना अधिकारी गिरीश शुक्ला ने बताया गया कि भारत की जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जनगणना का प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना 2027 का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की



जाएगी। मकान सूचीकरण के कार्य के लिए स्वगणना का विकल्प 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रथम चरण के पूर्व 15 दिन तक उपलब्ध रहेगा। मकान सूचीकरण के कार्य में प्रगणक और पर्यवेक्षक द्वारा शासन द्वारा अधिसूचित 33 सवाल पूछे जाएगें।

उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी, 2027 में होगा। जनसंख्या की गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी साथ ही व्यक्तियों के सम्बन्ध में अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे- आयु,लिंग,वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक क्रियाकलाप, प्रवास, प्रजननता विवरण इत्यादि पर जानकारी एकत्रित की जाएगी। जनगणना 2027 देश की प्रथम डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें अप्लीकेशन के माध्यम से आंकड़ो का संकलन किया जाएगा। जनगणना के समस्त कार्य की रियल टाइम मॉनिटरिंग सेन्सस् मैनेजमेन्ट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निवासियों को अपना जनगणना डेटा स्वयं ऑनलाइन भरने की सुविधा प्रदान करने के लिए स्वगणना वेब पोर्टल विकसित किया जाएगा। आगामी जनगणना वर्ष 1872 से 16वीं एवं स्वतंत्रता के बाद की 08वीं जनगणना होगी। जनगणना से संबंधिन विभिन्न कार्यकलापों का निष्पादन जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियम 1990 के प्रावधानों के तहत किया जाता है। जनगणना के दौरान संकलित व्यक्तिगत जानकारियाँ पूर्णत: गोपनीय होती हैं और इसे किसी अन्य के साथ साझा नहीं किया जाता है साथ ही, एकत्रित की गई व्यक्तिगत जानकारी को कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। जनगणना 2027 के प्रगणक, पर्यवेक्षक या कोई अन्य व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के ओटीपी या बैंक डिटेल्स की मांग नहीं की जाएगी। जनगणना के डिजिटल टूल्स 1. आंकड़ों का संग्रहण- मकान सूचीकरण ऐप (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन्स,) जनगणना ऐप (पॉपूलेशन इनूमरेशन, स्व गणना पोर्टल 3. सेन्सस् मैनेजमेन्ट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम पोर्टल 4. हाउस लिस्टिंग ब्लाक क्रिएटर वेब मैप ऐपजनगणना 2027 के लिए मास्टर ट्रेनरों द्वारा फिल्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। फील्ड ट्रेनरों द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनगणना 2027 में भाग लेने वाले प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को शासन द्वारा मानदेय भी दिया जाएगा।

बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डीआईओ मधुकर सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी अमरनाथ सिंह, जिला योजना अधिकारी अहिरवार, सहायक परियोजना अधिकारी डूडा मीनाक्षी शुक्ला, सहित जिला जनगणना समन्वय समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।